# अजब पंप का गजब कारनामा - 40 का टैंकर, 47 लीटर डीजल भर दिया

**खास बातें**

- जांच टीमों ने दी पंप संचालक को क्लीन चिट
- पेट्रोल पंप पर डीजल कम और पैसा ज्यादा लेने का मामला
- सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत की हुई जांच



नवभारत न्यूज

**विदिशा 3 जून ,सागर रोड स्थित उदय नगर कॉलोनी के पास संचालित एचपी पेट्रोल पंप पर डीजल की मात्रा को लेकर किसान द्वारा की गई शिकायत की जांच सोमवार को पूरी कर ली गई. जांच में पेट्रोल पंप की मशीनें निर्धारित मानकों के अनुरूप सही पाई गईं. ग्राम खैरूआ निवासी किसान लक्ष्मी लोधी ने आरोप लगाया था कि शुक्रवार को उनके 40 लीटर क्षमता वाले पॉवरट्रैक 39 एचपी ट्रैक्टर के टैंक में पेट्रोल पंप द्वारा 47 लीटर डीजल भरने का बिल बनाया गया.किसान का कहना था कि पेट्रोल पंप पर ही डीजल निकालकर हाथ से मापने पर लगभग 40 लीटर डीजल ही निकला.**

शिकायत के बाद संबंधित अधिकारियों ने सोमवार को पेट्रोल पंप पर जांच की. अधिकारियों के अनुसार शिकायतकर्ता लक्ष्मी लोधी को जांच के दौरान उपस्थित रहने के लिए बुलाया गया था और वे मौके पर पहुंचे भी, लेकिन नोजलों की जांच प्रक्रिया के दौरान बीच में ही वहां से चले गए.इसके बाद पूरी जांच वीडियो रिकॉर्डिंग की निगरानी में संपन्न कराई गई. जांच में 5 लीटर के सत्यापित मापक (स्टैंडर्ड मेजर) का उपयोग किया गया.अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोल पंप की मशीनें सत्यापित पाई गईं. सभी नोजलों की प्रदायगी (डिस्पेंसिंग) की जांच की गई, जिसमें कोई भी अनियमितता सामने नहीं आई.जांच रिपोर्ट में डीजल आपूर्ति प्रणाली को निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप बताया गया है. वहीं शिकायतकर्ता लक्ष्मी लोधी ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं.उनका कहना है कि घटना शुक्रवार को हुई थी, जबकि जांच पांच दिन बाद की गई.उन्होंने आशंका जताई कि इतने समय में मशीनों या नोजलों में आवश्यक सुधार किए जा सकते थे. किसान ने प्रशासनिक जांच की निष्पक्षता पर भी प्रश्न उठाए हैं.

## जांच रिपोर्ट में पेट्रोल पंप की मशीनों को सही बताया गया है, शिकायतकर्ता अपने आरोपों पर कायम

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि किसान के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई शिकायत विभाग को नहीं की गई थी हमने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पेट्रोल पंप की जांच की थी जिसमें पेट्रोल पंप पर नोजल की स्थिति सही पाई गई. यदि किसान द्वारा डीजल भरवाते और चेक करवाते समय ही हमें सूचना दी जाती तो हम उसी समय जांच करते. उन्होंने बताया कि हमे डीजल का बिल 44.9 लीटर का मिला है. इस संबंध में नापलौत इंस्पेक्टर राजीव पांडे का कहना है कि सत्यापन के बाद सील लॉक की जाती है छेड़छेड़ पर सील टूट जाती है. हमारे अनुमति के बिना कोई छेड़छाड़ के फेक्टर बदल जाता है. हमने मशीन चैक करते समय लक्ष्मी लोधी को भी बुलाया था तथा उनकी अनुउपस्थि में वीडियोग्राफी कर मशीन की जांच की गई है. मशीन में कोई कमी नहीं पाई गई.



# 4 चोरियों का खुलासा, दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी, 5 लाख का मशरूका बरामद

नवभारत न्यूज

**विदिशा 3 जून, थाना बासौदा शहर पुलिस ने क्षेत्र में हुई चार अलग-अलग चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए मामले के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 30 ग्राम सोना, 150 ग्राम चांदी सहित लगभग 5 लाख मूल्य का चोरी गया मशरूका बरामद किया है.**

29 अप्रैल को संतोष शर्मा ने थाना बासौदा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके रिश्तेदार अभिषेक शर्मा, जो वार्ड 6 स्थित लड्डा एजेंसी वाली गली में रहते हैं, परिवार सहित विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ललितपुर गए थे. लौटने पर घर के मुख्य गेट और कमरों के ताले टूटे मिले तथा सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी होना पाया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से तकनीकी जांच शुरू की. जांच के दौरान लगभग 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने पहले आरोपी अन्नू उर्फ अंकित उर्फ अनिकेश मालवीय को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से करीब 20 लाख मूल्य के जेवरात और नगदी बरामद की गई थी. पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी गोलू उर्फ उमेश अहिरवार के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया था. घटना के बाद से फरार चल रहे दूसरे आरोपी गोलू उर्फ उमेश पिता जयराम अहिरवार (25 वर्ष), निवासी आचार्य कॉलोनी रोड, विदिशा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने लड्डा एजेंसी गली, रविदास कॉलोनी और अरिहंत विहार क्षेत्र में हुई चोरियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 30 ग्राम सोने के जेवर, लगभग 150 ग्राम चांदी के जेवर कुल अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख का मशरूका वरामद किया गया. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हुई चार चोरी की वारदातों का खुलासा हो गया है और बड़ी मात्रा में चोरी गया माल भी बरामद कर लिया गया है.

## बरसात में विशेष सावधानी बरतने की सलाह

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम नागरिकों, फेरीवालों और हाथ ठेले पर सामान बेचने वालों से बिजली संबंधी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की है. कंपनी ने कहा है कि हाईटेंशन लाइनों और ट्रांसफार्मरों के पास दुकानें, गुमटियां या हाथ ठेले लगाने से गंभीर हादसे हो सकते हैं, इसलिए सुरक्षित दूरी बनाए रखना जरूरी है.कंपनी ने उपभोक्ताओं से विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों से छेड़छाड़ नहीं करने तथा टूटे हुए तारों की सूचना तत्काल शिकायत केंद्र के टोल फ्री नंबर 1912 या नजदीकी वितरण केंद्र को देने की अपील की है. जमीन पर पड़े तारों को छूने या उनके ऊपर से गुजरने का प्रयास नहीं करने की सलाह भी दी गई है.बरसात के मौसम में करंट लीकेज की संभावना बढ़ने के कारण विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है. कंपनी ने कहा कि दुकानों और गुमटियों में सुरक्षित वायरिंग कराई जाए तथा बिजली खंभों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखी जाए, ताकि जनहानि और दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

## ठर्र और पीपरहुंठा गांव में आयोजित कार्यक्रम में मिट्टी जांच के लाभ बताए

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा ग्राम ठर्र और पीपरहुंठा में मृदा परीक्षण अभियान का आयोजन कर किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों और ग्रामीणों ने भाग लिया. क्षेत्रीय प्रतिनिधि विकास राणा ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक दो वर्ष में खेत की मिट्टी का परीक्षण कराना आवश्यक है, जिससे भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी मिल सके और आवश्यकता अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग किया जा सके. उन्होंने मिट्टी का नमूना लेने की सही विधि और निःशुल्क मृदा परीक्षण सेवा की जानकारी भी दी.
कार्यक्रम में किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, तरल जैव उर्वरकों, माइकोराइजा तथा जैविक खाद के महत्व से अवगत कराया गया. साथ ही घटते ऑर्गेनिक कार्बन स्तर को बढ़ाने के लिए गोबर खाद, सिटी कम्पोस्ट और अन्य जैविक उत्पादों के उपयोग की सलाह दी गई.

## आरबीएसके कार्यक्रम के तहत 12 बच्चों का उपचार

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार के निर्देशन तथा सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा के मार्गदर्शन में आर.बी.एस.के. कार्यक्रम के अंतर्गत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग और अनुष्का फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व क्लब फुट दिवस का आयोजन किया गया.इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय के डीईआईसी केंद्र में प्रत्येक मंगलवार को क्लब फुट क्लीनिक का संचालन किया जाता है, जहां क्लब फुट से पीड़ित बच्चों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है.डीईआईसी मैनेजर श्रद्धा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरबीएसके के माध्यम से विदिशा जिले में समय-समय पर क्लब फुट शिविर आयोजित किए जाते हैं. डिलीवरी प्वाइंट पर चिन्हित बच्चों को प्रत्येक मंगलवार उपचार के लिए जिला अस्पताल बुलाया जाता है, जहां उनका निशुल्क इलाज किया जाता है.कार्यक्रम में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह दांगी ने टेनोंटोमी विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की. इसके बाद डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, डॉ. गजेंद्र सिंह दांगी, डॉ. दिवाकर एवं डॉ. देवाशीष जैन द्वारा क्लब फुट से प्रभावित बच्चों की जांच की गई. इस दौरान 12 बच्चों का कास्टिंग, टेनोंटोमी एवं ब्रेसिंग विधि से उपचार किया गया.साथ ही अनुष्का फाउंडेशन द्वारा उपचाररत बच्चों को निशुल्क शूज भी वितरित किए गए, जिससे उनके उपचार और पुनर्वास में सहायता मिल सके.कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, डॉ. गजेंद्र सिंह दांगी, डीईआईसी मैनेजर श्रद्धा गुप्ता उपस्थित रहे.

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

- स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक किया सहभाग



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया.जिला खेल परिसर स्टेडियम से सुबह 7 बजे प्रारंभ हुई इस रैली में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.रैली का शुभारंभ जिला खेल परिसर से किया गया.इसके बाद प्रतिभागी नीमताल, ओवरब्रिज, एसएटीआई, पीतलमील चौराहा, मंडी ओवरब्रिज, जयप्रकाश मंच माधवगंज, स्टेशन चौराहा और पुराना अस्पताल मार्ग से होते हुए पुनः जिला खेल परिसर पहुंचे.पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने अनुशासित तरीके से साइकिल चलाते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया.

### साइकिल को बताया स्वास्थ्य और पर्यावरण का साथी

रैली के दौरान खिलाड़ियों और विद्यार्थियों ने जनजागरूकता से जुड़े नारे लगाए तथा लोगों को नियमित व्यायाम, शारीरिक सक्रियता और ईंधन की बचत के लिए साइकिल अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह बताना था कि साइकिल न केवल एक सस्ता और सुविधाजनक परिवहन साधन है, बल्कि यह बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के लिए भी बेहद उपयोगी है. जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित इस रैली में खिलाड़ियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के बीच साइकिल का महत्व और भी बढ़ गया है। नियमित रूप से साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता.

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड विकास घटक 2.0) के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, कार्ययोजना और वित्तीय स्थिति का जायजा लिया. बैठक में अधिकारियों ने परियोजनावार बजट, पूर्ण किए गए कार्यों तथा स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की.कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों और ग्रामीणों तक पहुंचना चाहिए. समीक्षा के दौरान अमृत सरोवर, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, खेत तालाब, ग्रेबियन तथा सामुदायिक वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई.उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की प्रारंभिक प्रविष्टि, कार्य शुरू होने और पूर्ण होने के फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया की जाए. कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादन बढ़ेगा.

# जनसुनवाई की शिकायत पर उचित मूल्य दुकान की जांच

- कई अनियमितताएं उजागर, राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत सही मिली
- विक्रेता और सहायक विक्रेता पर होगी कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**विदिशा, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रशासन ने शासकीय उचित मूल्य दुकान गुरारिया लश्करपुर की जांच कराई, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं. प्रारंभिक जांच के बाद संबंधित विक्रेता और सहायक विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है.**

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कलेक्टर अंशुल गुप्ता को जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई थी. शिकायत के आधार पर अधिकारियों की टीम ने उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया.जांच के दौरान दुकान निर्धारित स्थान पर संचालित नहीं पाई गई, जिसके बाद अधिकारियों ने गांव पहुंचकर हितग्राहियों और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए. जांच के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उचित मूल्य दुकान का संचालन अधिकांश समय सहायक विक्रेता द्वारा किया जाता है. साथ ही दुकान नियमित रूप से नहीं खोली जाती, जिससे पात्र हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि राशन वितरण समय पर नहीं किया जाता और उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है.

### बायोमेट्रिक और ओटीपी के बाद भी नहीं मिला राशन

जांच में सामने आया कि कई हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन अथवा ओटीपी दर्ज कर लिया जाता था, लेकिन इसके बाद भी उन्हें वास्तविक रूप से राशन नहीं दिया जाता था.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई महीनों तक राशन नहीं मिला, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दर्शा दिया गया.इस शिकायत को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है.जांच दल ने उपभोक्ताओं के कथनों और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए हैं. प्रारंभिक जांच में शिकायतें सही पाए जाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं सहायक विक्रेता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. अधिकारियों का कहना है कि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और पात्र परिवारों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है.दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.


**:: नाम परिवर्तन सूचना ::**

भूल बस कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम मनोज कुमार दर्ज हो गया है जबकि मेरा पूरा सही नाम मनोज साहू है । कुमार मेरा मिडिल नेम था जो कि समय के साथ अन्य दस्तावेजों से हट गया है तथा मेरे अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम मनोज साहू ही दर्ज हैं । कृपया मुझे मनोज साहू के नाम से ही जाना एवं पहचान जावे ।

**मनोज साहू पिता मूलचंद साहू**
**निवासी :- हाउस नंबर 176 फेस 2 अरिहंत विहार कॉलोनी विदिशा पिन 464001**


**मौसम** | **प्री-मानसून बारिश ने भिगोया अनाज, भीषण गर्मी से मिली राहत**

# देर शाम शुरू हुई बूंदाबांदी, ठंडी हवाओं से बदला मौसम का मिजाज



नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले में प्री-मानसून की दस्तक के साथ मंगलवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली. दिनभर की उमस और तेज गर्मी के बाद शाम को आसमान में बादल छा गए और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया. बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं खुले में रखा हजारों बोरी अनाज भी बारिश की चपेट में आ गया.**

बारिश शुरू होते ही मंडियों कई स्थानों पर खुले में रखा गेहूं और अन्य कृषि उपज पूरी तरह सुरक्षित नहीं थी. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 15 से 20 हजार बोरे अनाज भीगने की आशंका जताई जा रही है. बारिश के दौरान कर्मचारियों और हम्मालों ने तिरपाल डालकर अनाज को बचाने का प्रयास किया, लेकिन अचानक हुई बूंदाबांदी के कारण काफी मात्रा में अनाज भीग गया.

### मौसम सुहाना होने से लोगों ने ली राहत की सांस

पिछले कई दिनों से जिले में तापमान लगातार 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था. ऐसे में देर शाम हुई बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया. लोग घरों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए. शहर के पार्कों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। बच्चों और युवाओं ने भी ठंडी हवा का आनंद लिया.कई क्षेत्रों में बिजली की खपत में भी कमी दर्ज की गई, क्योंकि तापमान में गिरावट आने से कूलर और एसी पर निर्भरता कुछ कम हुई. वहीं तेज हवा के चलते कई इलाकों की बिजली भी गुल होती रही.

### विदिशा मंडी में 14,843 क्विंटल कृषि उपज की आवक

कृषि उपज मंडी समिति विदिशा में बुधवार को मंडी में कुल 14,843 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई मंडी में गेहूं 1544 की सबसे अधिक 10,201 क्विंटल आवक रही. इसके भाव 1,650 रुपये से 2,870 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहे, जबकि मॉडल भाव 2,400 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं शरबती गेहूं (306) की 203 क्विंटल आवक हुई, जिसका अधिकतम भाव 4,700 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा. दलहनों में चना की 1,898 क्विंटल आवक रही.चना का मॉडल भाव 5,700 रुपये तथा अधिकतम भाव 5,845 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. मसूर की 384 क्विंटल आवक हुई और इसके भाव 5,000 से 6,710 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहे. तिलहनों में सोयाबीन की 1,190 क्विंटल आवक दर्ज की गई. सोयाबीन का मॉडल भाव 7,000 रुपये तथा अधिकतम भाव 7,900 रुपये प्रति क्विंटल रहा. सरसों की 127 क्विंटल आवक हुई, जिसका मॉडल भाव 7,801 रुपये और अधिकतम भाव 7,973 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. अन्य फसलों में धान की 523 क्विंटल, तिवड़ा की 89 क्विंटल, मूंग की 97 क्विंटल तथा बटरी की 4 क्विंटल आवक हुई. वहीं धनिया का भाव सबसे ऊंचा रहा, जिसका अधिकतम मूल्य 12,200 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया.

## बहरा बाबा घाट पर लगे छप्पन भोग, हुआ सुंदरकांड पाठ

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** पुण्य सलिला वेत्रवती नदी तट स्थित सिद्ध स्थल श्री हनुमान मंदिर बहरा बाबा घाट पर ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार 2 जून को विशेष धार्मिक आयोजन हुये. इस अवसर पर भगवान हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा.मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित शिवरामदास ने बताया कि ज्येष्ठ माह एवं पुरुषोत्तम माह के विशेष संयोग के कारण इस वर्ष प्रत्येक मंगलवार को हनुमानजी के समक्ष अलग-अलग मनोरथों के अनुसार विशेष झांकियां सजाई जा रही हैं.

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी और डीएलआरसी की बैठक आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति ( डीएलसीसी ) की बैठक गुरुवार 4 जून को आयोजित होगी. बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जबकि इसके बाद दोपहर 12 बजे से डीएलआरसी की बैठक आयोजित की जाएगी.** बैठक में बैंकिंग विकास, सीडी रेशियो, शासकीय खातों की केवाईसी प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकिंग, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई योजना सहित विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. इसके अलावा डेयरी, मत्स्य पालन, मुद्रा लोन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा री-केवाईसी की स्थिति पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे.


